6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
महानगर वर्ष 57 । अंक 255 । पृष्ठ : 24 । मूल्य : सात रुपये

# अमर उजाला

शारदीय नवरात्र...मां सिद्धिदात्री —अपना शहर
बरेली बुधवार, 1 अक्तूबर 2025 आश्विन शुक्ल-नवमी • विक्रम संवत 2082



## गेंदबाजों ने 95 रन पर केपीएस को समेटा

बरेली। रविंद्र नाथ क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित रविंद्र नाथ टैगोर क्रिकेट कप में मंगलवार को पहला सेमीफाइनल एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और केपीएस क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। देवराज व लाखन के बेहतरीन प्रदर्शन से एसआरएमएस ने केपीएस को 85 रनों से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। टॉस जीतने के बाद एसआरएमएस के कप्तान पंकज ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने लिए देवराज ने 51 और संचित पांडे ने 41 रनों का योगदान दिया। ताजमहल ने तीन छक्के जड़ते हुए 20 रन बनाए। इस तरह एसआरएमएस ने 25 ओवरों में 180 रन बनाए। केपीएस क्रिकेट अकादमी की ओर से पवन राजपूत ने तीन और प्रियांशु व पंकज ने दो-दो विकेट लिए। केपीएस की पूरी टीम लखन की धारदार गेंदबाजी की बदौलत 95 रनों पर ऑल.आउट हो गई। एसआरएमएस के लखन ने तीन और युवराज व अंशुमान ने दो-दो विकेट झटके। टूर्नामेंट सचिव मनीष सिंह ने बताया आज दूसरा सेमीफाइनल रविंद्र नाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी और जीप क्रिकेट अकादमी के बीच होगा। संवाद